'ग्रेटर में नेता प्रतिपक्ष नहीं बना, हेरिटेज में कमेटियां नहीं बनीं, तो भीड़ कहां से लाएं'

जयपुर शहर जिला कांग्रेस की बैठक के दौरान बोले असंतुष्ट कांग्रेस पार्षद

जयपुर, (का.प्र.)। महंगाई के खिलाफ आंदोलन के लिए कांग्रेस की ओर से पूरा विस्तृत एक पखवाड़े का कार्यक्रम दिया गया था। उस पखवाड़े में से 9 दिन का समय बीत चुका है, लेकिन महंगाई के खिलाफ एक भी कार्यक्रम आयोजित नहीं हो पाया है। अब 4 सितंबर को दिल्ली में होने वाली रैली को लेकर कांग्रेस ने जिलेवार पर्यवेक्षक लगाए हैं और भीड़ को ले जाने की तैयारी शुरू कर दी है। दूसरी ओर जयपुर शहर जिला कांग्रेस में असंतुष्ट पार्षदों के स्वर भी बुलंद हो गए हैं कि जब 2 साल में जयपुर नगर निगम ग्रेटर में कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष तक नहीं बना पाई और बोर्ड पर कब्जा होने के बावजूद हेरिटेज में कमेटियों का गठन नहीं हो पाया, तो आखिरकार पार्षद भीड़ इकट्ठा करने का काम कैसे करें।

- **महंगाई के खिलाफ दिल्ली में होने वाली कांग्रेस की रैली से पहले भीड़ जुटाना संघर्ष का काम, क्योंकि तैयारी बैठक में भी आधे से ज्यादा विधायक नदारद रहे थे**
- **यही कारण है कि एआईसीसी के आव्हान के बावजूद 17 से 27 तक महंगाई के खिलाफ चौपाल का एक भी कार्यक्रम राजस्थान में नहीं हो पाया**
- **हालांकि प्रदेश कांग्रेस में 50 हजार की भीड़ का टारगेट तय किया है**

दरअसल कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सभी प्रदेश कांग्रेस कमेटियों को परिपत्र भेजकर 17 से 27 अगस्त तक महंगाई पर चौपाल आयोजित करने को कहा था, जो ब्लॉक और वार्ड स्तर पर होनी थी, लेकिन पूरे राजस्थान में ब्लॉक स्तर पर तो दूर की बात जिला स्तर पर भी महंगाई के खिलाफ कोई चौपाल का आयोजन नहीं हुआ। इसका मतलब यह लगाया जा रहा है कि कांग्रेस के संगठन महासचिव के परिपत्र को भी प्रदेश कांग्रेस ने तवज्जो नहीं दी है। यही कारण है कि 17 से 27 अगस्त तक चलने वाली महंगाई पर चौपाल के कार्यक्रम आयोजित नहीं किए गए।

अब 4 सितंबर को दिल्ली में प्रस्तावित कांग्रेस की महंगाई के खिलाफ रैली को लेकर एक दिन पहले ही प्रदेश कांग्रेस की ओर से जिलावार पर्यवेक्षक लगाए गए हैं, जो जिलों में जाकर बैठक लेंगे और 4 सितंबर को दिल्ली जाने के लिए भीड़ का आकलन बताएंगे। दरअसल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने घोषणा की है कि राजस्थान से महंगाई के खिलाफ होने वाली प्रस्तावित 4 सितंबर की रैली में 50 हजार लोग राजस्थान से जाएंगे। इसी संदर्भ में 22 अगस्त को जयपुर के पांच सितारा होटल क्लार्क आमेर में कांग्रेस के तमाम विधायकों, सांसदों और सांसद प्रत्याशियों सहित प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक रखी थी। उस बैठक में करीब 45 से 50 विधायक ही पहुंचे थे। वहीं अधिकांश सांसद प्रत्याशी भी अनुपस्थित रहे थे। ऐसे में भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि राजस्थान के नेता दिल्ली में होने वाली महंगाई के खिलाफ रैली को लेकर कितने सजग और जागरूक हैं।

इस बीच इसी रैली के संदर्भ में जयपुर शहर जिला कांग्रेस की बैठक गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर रखी गई। बैठक में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष और राज्य के काबीना मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने सभी पार्षदों और जिला पदाधिकारियों से अपने अपने साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिल्ली ले जाने की अपील की। बैठक के दौरान जब कई पार्षदों से चर्चा की गई तो अधिकांश पार्षद इस बात को लेकर आक्रोशित हैं कि जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज के चुनाव होने के करीब 2 साल होने को है, लेकिन अभी तक ना तो नगर निगम ग्रेटर में नेता प्रतिपक्ष का चयन हो पाया है। वही नगर निगम हेरिटेज में कांग्रेस की महापौर और बोर्ड होने के बावजूद अभी तक कमेटियों तक का गठन नहीं हो पाया है। ऐसे में जब पार्षद ही संतुष्ट नहीं है तो फिर लोगों की भीड़ दिल्ली तक कैसे ले जा सकते हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि राजस्थान से भले ही महंगाई के खिलाफ रैली में 50 हजार लोगों को ले जाने की घोषणा तो कर दी गई हो, लेकिन मौजूदा हालात बता रहे हैं कि स्थितियां इतनी सहज नहीं हैं। जिले की इस बैठक में विधायक रफीक खान, गंगा देवी, अमीन कागजी, महापौर मुनेश गुर्जर, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, पार्षद मनोज मुदगल, महेश अग्रवाल, दशरथ सिंह, उत्तम शर्मा, कैलाश खारड़ा सहित जिला पदाधिकारी मौजूद रहे।

को-ऑपरेटिव सोसायटियों पर लगेगा अंकुश

जयपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा करने हेतु राजस्थान अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी नियम, 2022 की अधिसूचना जारी करने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

उल्लेखनीय है कि निवेशकों के हित में इस नियम के प्रावधानों को अधिक कठोर करने तथा इन सोसायटियों पर अधिक नियंत्रण करने के लिए एक्ट के तहत राज्य सरकारों को शक्तियां प्रदान करने की मांग लम्बे समय से की जा रही थी।

गहलोत की इस मंजूरी से मल्टीस्टेट क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटियों की धोखाधड़ी से राज्य के लाखों लोगों की मेहनत की कमाई के गबन पर रोक लगाने के साथ ही, इन सोसायटियों पर सख्त कार्रवाई कर आमजन को राहत प्रदान की जा सकेगी।

प्रदेश के कुम्भलगढ़ और चित्तौड़गढ़ किलों को बेस्ट डेस्टिनेशन इन इंडिया सिल्वर आउटलुक ट्रैवलर अवार्ड, 2022 मिला है। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री किशन रेड्डी (बीच में) ने दिल्ली में आयोजित समारोह में यह अवार्ड दिया। राज्य सरकार की ओर से पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक सी. पी. यादव (दायें) ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

जंगा श्रीनिवास राव को भगोड़ा घोषित करने की चेतावनी

जयपुर, (का.सं.)। एसीबी मामलों की विशेष अदालत क्रम-4 ने बार-बार गवाही के लिए बुलाने के बावजूद भी आईपीएस जंगा श्रीनिवास राव के अदालत में पेश नहीं होने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने अब राव को भगोड़ा घोषित करने के लिए सीआरपीसी की धारा 82 के तहत कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

- **अदालत के बार-बार गवाही के लिये बुलाने के बावजूद भी पेश नहीं हुए**

मामले के अनुसार राजपाल सिंह यादव और गोपाल राम के भ्रष्टाचार से जुड़े मामले एसीबी कोर्ट में लंबित चल रहे हैं। दोनों की मामलों में आईपीएस जंगा श्रीनिवास राव अभियोजन स्वीकृति देने वाले अधिकारी की हैसियत से अभियोजन पक्ष के गवाह हैं। अदालत ने उन्हें गवाही देने के लिए पूर्व में समन जारी किए थे। जंगा के पेश नहीं होने पर अदालत ने उनके जमानती वारंट जारी किए थे। इसके बावजूद भी जंगा अदालत में पेश नहीं हुए। इस पर अदालत ने उनके गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिए, लेकिन जंगा फिर भी अदालत में पेश नहीं हुए। इस पर अब अदालत ने सीआरपीसी की धारा 82 के तहत कार्रवाई शुरू करने की चेतावनी दी है। इसके तहत अदालत संबंधित व्यक्ति को भगोड़ा घोषित करती है और फिर बाद में सीआरपीसी की धारा 83 के तहत उसकी संपत्ति को कुर्क करने के आदेश दिए जाते हैं।

प्रदेश में एक दिन बाद फिर करोना से चार लोगों की मौत

जयपुर, अलवर, झुंझुनूं और करौली में 1-1 मरीज की मृत्यु हुई है

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। प्रदेश में एक दिन बाद गुरूवार को करोना संक्रमण से फिर चार लोगों की मौत हुई है। वहीं राज्य में 442 नए संक्रमित मिले हैं। हालांकि इस बीच करीब साढ़ पांच सौ लोग इस बीमारी से ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव के घटकर 3808 रह गए हैं।

- **राज्य में इस महीने में अब तक इस बीमारी से 40 लोगों की जान जा चुकी है।**
- **प्रदेश में गुरूवार को 442 नए संक्रमित मिले, इनमें सबसे ज्यादा 109 मामले जयपुर में सामने आए हैं।**

प्रदेश में गुरूवार को जयपुर, अलवर, झुंझुनूं और करौली में करोना से 1-1 संक्रमित की मौत हुई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक करोना से इस महीने में 40 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 9620 लोगों की जान जा चुकी है। उधर पिछले चौबीस घंटों में राज्य के 29 जिलों में 442 नए संक्रमित सामने आए हैं। इससे पहले 495 रोगी मिले थे। इधर आज सबसे ज्यादा 109 नए मरीज जयपुर में पाए गए हैं। इसके अलावा भरतपुर में 51, अलवर में 36, जोधपुर में 35, दौसा में 33, अजमेर में 23, नागौर व उदयपुर में 17-17, धौलपुर में 16, चित्तौड़गढ़ में 14, भीलवाड़ा में 13, प्रतापगढ़ में 12, बीकानेर में 10, सीकर में 9, बूंदी में 8, राजसमंद व हनुमानगढ़ में 7-7, कोटा में 5, डूंगरपुर, जैसलमेर, जालोर व झालावाड़ में 3-3, पाली में 2 तथा सिरोही, बांसवाड़ा, बारां, गंगानगर, झुंझुनूं और करौली में एक-एक नया संक्रमित मिला है।

प्रदेश में गुरूवार को फिर रिकवरी में सुधार हुआ है। इसके चलते राज्य में 549 मरीजों के ठीक होने के साथ ही एक्टिव केस घटकर 3808 रह गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 1483 मामले जयपुर जिले में हैं। इसके अलावा भरतपुर में 351, अलवर में 278, जोधपुर में 196, अजमेर में 186 और उदयपुर में 115 लोगों का इलाज चल रहा है।

जयपुर में गुरूवार को 29 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 24 मरीज सांगानेर में मिले हैं। इसके अलावा जगतपुरा में 13 और दुर्गापुरा में 10, मानसरोवर में 9, झालाना डूंगरी में 7, मालवीय नगर में 5, आमेर, गांधी नगर, गोविंदगढ़, जमवारामगढ़, एमआई रोड व वैशाली नगर में 3-3, चाकसू, जवाहर नगर व सिरसी में 2-2 तथा अजमेर रोड, बस्सी, सिविल लाइन, दूदू, जामडोली, झोटवाड़ा, जौहरी बाजार, कोटपूतली, खातीपुरा, महेश नगर, फुलेरा, सामोद और त्रिवेणी नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 4 संक्रमितों का पता गलत मिला है। जिले में पिछले चौबीस घंटों में 96 मरीज ठीक हुए हैं।

प्रताप सिंह बने अध्यक्ष

जयपुर। आदर्श बड़वा (राव) महासभा प्रबंधन समिति के चुनाव भंदे बालाजी में हुए चुनावों ने प्रताप सिंह कुचामन को महासभा प्रबंध समिति का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। जिसके बाद समाज में उत्साह का माहौल है।

प्रदेश के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बचाव कार्यों में तेजी लाने की मांग

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर अवगत कराया कि, प्रदेश में पिछले दो-तीन दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण उदयपुर, कोटा और भरतपुर संभाग के कई क्षेत्रों में बाढ़ के हालात बन गये हैं। इन संभागों के कई गांव पूरी तरह पानी से घिरकर टापू बन गये हैं और खेतों, मकानों में पानी भर गया है। बारां, झालावाड़, कोटा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, करौली और धौलपुर इत्यादि जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुये हैं, जहां फसलों को भी काफी नुकसान होने की जानकारी मिली है।

- **भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को लिखा पत्र**

धौलपुर जिले में चंबल नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, चंबल नदी पर बने पुल का काफी हिस्सा पानी में डूब गया है। उदयपुर जिले में पहाड़ियों के खिसकने से मार्ग अवरूद्ध हो रहे हैं। कोटा, झालावाड़ और बारां जिलों में काफी संख्या में गांवों के जलमग्न होने की जानकारी मिली है। तेज बारिश व बाढ़ जैसे हालात से इन जिलों में हजारों लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुये हैं। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बचाव कार्यों में तेजी लायी जाये तथा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने, भोजन एवं चिकित्सा सुविधाओं में तेजी लाने के लिये विशेष टीमों का गठन किया जाये, साथ ही इन क्षेत्रों में जान-माल एवं फसलों को हुये नुकसान की भरपाई निश्चित समयावधि में करवाकर प्रभावितों को आर्थिक संबल प्रदान करावें।

तकनीकी सहायक भर्ती परीक्षा 27 को

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक अजीत कुमार सक्सैना, अजमेर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक एन. एस. निर्वाण व जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक प्रमोद टांक ने तकनीकी सहायक तृतीय के 1512 पदों पर भर्ती के लिए 27 अगस्त को आयोजित होने वाली द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए की गई तैयारियों की 25 अगस्त को वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समीक्षा की। उन्होने कहा कि द्वितीय चरण की परीक्षा केवल एक ही दिन और एक ही पारी में आयोजित होगी, इसलिए परीक्षा कार्य से जुड़े सभी कार्मिको को विशेष सावधानी बरतते हुए निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से सफलतापूर्वक परीक्षा का आयोजन करवाना है।

यातायात जनजागृति बाइक रैली को एडीजी वीके सिंह ने हरी झंडी दिखाई

जयपुर,(कासं)। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वी के सिंह ने गुरुवार को जयपुर में गवर्नमेंट हॉस्टल स्थित शहीद स्मारक से यातायात जनजागृति बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

एडीजी सिंह ने बाइक राइडर्स को इस आयोजन के लिये बधाई देते हुए इस प्रयास को आमजन में जनजागृति की दृष्टि से अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि यातायात जागरूकता व व्यापक जनसहयोग से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने इस अवसर पर चम्बल राइडर्स क्लब द्वारा जन जागृति के लिए तैयार की गई प्रचार सामग्री का भी विमोचन किया।

राइडर्स क्लब के डॉ. पी सी पाठक ने बताया कि चम्बल प्रेस क्लब धौलपुर की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के अवसर पर राजस्थान पुलिस, परिवहन विभाग व जिला प्रशासन धौलपुर की सहभागिता से राष्ट्रीय अभियानों के प्रति आमजन में जन जागृति के लिए धौलपुर से पुष्कर के लिए बुलेट बाइक और कार सवार 45 सदस्यों द्वारा रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली गुरुवार को धौलपुर सर्किट हाउस से रवाना हुई और जयपुर पहुंची। सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को पुष्कर के लिए रवाना किया।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वी.के.सिंह ने गुरुवार को जयपुर में गवर्नमेंट हॉस्टल स्थित शहीद स्मारक से यातायात जनजागृति बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

चंबल प्रेस क्लब धौलपुर के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राजोरिया ने बताया कि शुक्रवार को पुष्कर शहर के विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय अभियानों के प्रति इन सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों द्वारा जन जागृति कार्यक्रम चलाया जाएगा। 27 अगस्त को पुष्कर से रवाना होकर रैली तय रूट से वापस धौलपुर पहुँचेगी।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात राजेन्द्र सिसोदिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नेत्रदान पखवाड़ा शुरू

जयपुर। राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेशभर में 25 अगस्त से 37वें नेत्रदान पखवाड़े की शुरुआत की गयी है। यह पखवाड़ा 8 सितम्बर तक आयोजित किया जाएगा।

राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के अवसर पर गुरुवार को शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. पृथ्वी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

शासन सचिव ने नेत्रदान के महत्व के बारे में अवगत कराते हुये नेत्रदान जैसे पुनीत काम में आमजन की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में विशेष प्रयास करने निर्देश दिये। उन्होंने कॉर्निया की मांग व पूर्ति में संतुलन बनाते हुए कॉर्नियल ब्लाईण्डनेंस को नियंत्रित किये जाने के प्रयास करने के भी निर्देश दिये।

दुष्कर्म करने वाले को सजा

जयपुर। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने युवती के साथ दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग करने वाले अभियुक्त मोहम्मद उमर उर्फ इरफान को दस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख 70 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आम सूचना दिनांक 25.08.2022

मेरे अभिभाव्यगण श्रीमती सावित्री पत्नी मुन्ना लाल एवं मुन्नालाल वर्मा पुत्र स्व. लक्ष्मीनारायण निवासी 34, सोनाबाडी, गोपालपुरा, जयपुर की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उनका सबसे छोटा पुत्र सुरेन्द्र कुमावत व उसकी पत्नी कृष्णा आये दिन उनके व उनके परिवार के साथ लड़ाई झगड़े व बदसलूकी करते है। मेरे अभिभाव्यगण इनकी हरकतों से तंग आ चुके है और अब इनसे किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं रखना चाहते है इसलिए मेरे अभिभाव्यगण सुरेन्द्र कुमावत व उसके परिवार को अपनी चल व अचल सम्पत्ति आदि से अविलम्ब बेदखल करते हैं। सूचित रहे। भवदीय

आदित्य मिश्रुका (एडवोकेट) 9411431850?

मोती भवन निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड

F-105, तिटी स्टार कॉम्प्लेक्स, तैरूल स्टाईन, विद्याधर नगर, जयपुर

क्रमांक: 12272/MB/2022 विज्ञप्ति दिनांक: 22.08.2022

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री महेन्द्र सिंह पुत्र श्री माधा राम ने समिति की योजना 4-एस, लोहा मण्डी के ब्लाक-बी के भूखण्ड संख्या बी-54, क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज के मूल दस्तावेजात गुम होने के कारण डुप्लीकेट दस्तावेजात चाहे हैं। किसी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस में साक्ष्य समिति में प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त भूखण्ड के डुप्लीकेट दस्तावेजात जारी कर दिये जावेंगे। हस्ताक्षर- अध्यक्ष, मोती भवन निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर रजि. नं. 2555/एल

खोया पाया

जविप्रा की योजना पीताम्बरा के भूखण्ड संख्या डी-110 का आवंटन पत्र कहीं खो गया है मिलने पर संपर्क करें। मीरा बाई उर्फ मीरा कंवर। मो. 7976425838

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाव्य श्री माल सिंह खंगारोत पुत्र स्व. श्री रतन सिंह, जाति राजपुत, निवासी-प्लॉट नम्बर 243, ५सी, राजस्थान टन्ट की गली, जमनापुरी, मुरलीपुरा, जयपुर, राजस्थान (भारत) 302039 निवासी है तथा मेरा अभिभाव्य यह घोषणा करता है कि वे अपने पुत्र महेन्द्र सिंह खंगारोत को अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता है और अपने समस्त रिश्ते-नातों को खत्म करता हैं। यदि महेन्द्र सिंह खंगारोत किसी भी प्रकार के गैर कानूनी कार्य में संलग्न पाया जाता है तो मेरा अभिभाव्य का किसी भी प्रकार से कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा तथा उपरोक्त के संबंध में किया गया कोई भी संव्यवहार मूलतः शून्य, अवैध, वातिल, वेअसर होगा। अतः सर्वसाधारण सावधान व सूचित रहे।

(लालचन्द सैनी) एडवोकेट
रजि.नं. (आर/441/2010) मो. 9950776760

आम सूचना दि. 25.08.2022

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै,/ हम अनवर खॉन पुत्र श्री हुसैन बख्श एवं मेरी पत्नी शायदा बानो निवासी- डी 246, हसनपुरा ए, जयपुर (राज.) हम हमारे पुत्र अकरम आयु 32 वर्ष जो कि आये दिन हमसे मारपीट, गाली गलौच, हैरान परेशान करता है तथा उत्पात मचाता है जिसने जीना दुश्वार कर रखा है इसलिए हमने अपने पुत्र अकरम को अपनी समस्त चल- अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है, आज से अकरम का हमारी चल- अचल सम्पति व हमसे किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध सरोकार, हक व हुकूक नहीं रहा है तथा अकरम के द्वारा किये गये किसी भी कानूनी, गैरकानूनी, जायज, नाजायज, कृत्य के लिए हमारी कोई जिम्मेदारी/ उत्तरदायित्व नही है। अतः सूचित रहे। भवदीय अनवर खॉन, शायदा बानो

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक : 7013 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 25.08.2022

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवासीय भूखण्ड संख्या- H-8 (एरिया 198.600 वर्गमीटर) व H-9 (एरिया 183.670 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती हंसा शर्मा पत्नी श्री रमेश चन्द शर्मा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमशः 1233 व 1234 दिनांक 14.06.2021 को जारी किया गया। श्रीमती हंसा शर्मा पत्नी श्री रमेश चन्द शर्मा के पक्ष में उक्त आवासीय भूखण्ड के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 23.08.2022 को उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। क्रेता/क्रेती श्रीमती हंसा शर्मा पत्नी श्री रमेश चन्द शर्मा द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवासीय भूखण्डों क्षेत्रफल 198.60+183.67 = 382.27 वर्गमीटर का पुनर्गठन पश्चात उप विभाजन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड के पुर्नगठन एवं उप विभाजन हेतु बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ती प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि मण्डल रिकार्ड में पुर्नगठन एवं उप विभाजन करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती हंसा शर्मा पत्नी श्री रमेश चन्द शर्मा का पुर्नगठन एवं उप विभाजन की कार्यवाही सम्पादित की जावेगा।

सम्पदा प्रबंधक- वृत-प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 92/2022

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री नृसिंह लाल जाट पुत्र श्री पन्ना लाल जाट निवासी वार्ड-8 कपूरिया की ढाणी ग्राम राजपुरा पोस्ट शाहपुरा जिला जयपुर राजस्थान ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री धन्ना भक्त जाट समाज धर्मशाला ट्रस्ट त्रिवेणी धाम जिला जयपुर, राजस्थान के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है। अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 24.08.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 31.10.2022

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत-तृतीय जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर, दूरभाष संख्या :- 0141-4901853

आम जाहिर सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा कार्यालय आदेश कमांक 8135 दिनांक 15.12.2010 जारी कर आवास/फ्लैट संख्या- 13/1047 (FF), मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 44.750 वर्ग मीटर का हस्तान्तरण संयुक्त रूप से श्री अनूप चन्द मंगल एवं श्री अनुराग मंगल के पक्ष में किया गया था। उक्त दोनों आवंटियों में से श्री अनूप चन्द की मृत्यु दिनांक 17.12.2020 को हो जाने के पश्चात श्री अनुराग मंगल पुत्र स्व. श्री अनूप चन्द मंगल के द्वारा क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, सजरा रिपोर्ट एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने एकल नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्री अनुराग मंगल पुत्र स्व. श्री अनूप चन्द मंगल के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

नाम परिवर्तन

मैं दया भाभूनी पत्नि नं. 13625320 एक्स हवलदार गिरीश सिंह बोरा निवासी ग्राम भागरतोला, पोस्ट दहयानी जिला बागेश्वर उत्तराखंड। मैंने मेरा नाम दया भाभूनी से बदलकर दया बोरा रख लिया है, जो कि मेरे आधार कार्ड में है शपथ पत्र दिनांक 25 अगस्त,2022

मैं मेरा नाम स्नेह निषाद से बदलकर स्नेह साहनी पुत्नी श्री रामकवल साहनी निवासी मकान नम्बर 4/184, एसएफएस अग्रवाल फार्म, मानसरोवर रख रही हूँ भविष्य में मुझे मेरे उक्त नये नाम से ही जाना पहचाना जाए।

आर्मी नम्बर 15703878एन हविलदार सचिन कुमार निवासी गाँव-टडवां, पोस्ट-अराप, तहसील-दानापुर, जिला-पटना बिहार-801104, मेरे सर्विस दस्तावेज में मेरी माताजी का नाम गलती से मंजू सिन्हा दर्ज हुआ है। सही नाम कुमारी मंजू सिन्हा है, और जन्म तारीख 01/01/1960 है। हलफनामा सं. 405 तारीख 18/08/2022.

मेरे पासपोर्ट क्रमांक K-0194498 में नाम दर्ज Vasim Sekh S/o Mohmed Ikbal Bisayati हैं, जो गलत है, मेरा सही नाम Wasim S/o Mohammad Ikbal Bisayati है जो सही है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जावें।

I Bhanwar Lal Punia S/o Mangla Ram Punia have Changed My name Bhanwar Lal Poonia S/o Mangala Ram Poonia and I have Changed My Wife name from Sovani Devi to Sonu Devi. Address: Plot No. 60, Vidyut Nagar-C, Gandhi Path, Vaishali Nagar, Jaipur.

I have changed my name from Mohammed Naushad to Mahammed Naushad Farooqi S/o abdul Hameed for all purpose. Resi.: 5113, Sray Walon Ki Gali, Chandi Ka Tajeeya, Ghat Gate, Jaipur.

I Naman Vijay, R/o 456, Surya Nagar, Sudama Kuti Marg, Mahesh Nagar, Jaipur, Rajasthan-302015 have changed my name to Naman Kumar Vijay.

I change my name from Waseem Ahmed to Wasim Ahmad S/o Adbul Vahid. In Future I will be known by Wasim Ahmad. R/o 2DHA-18, Housing Board, Shastri Nagar, Jaipur.

उठावना

हमारी पूजनीया

श्रीमती शकुंतला देवी शर्मा

पत्नी स्व. श्री पुष्करदत्त जी शर्मा (निवासी काँसली, कोटपुतली वाले) का स्वर्गवास दिनांक 24.08.2022 को हो गया है। उठावना आज दिनांक 26.08.2022, शुक्रवार को सायं 5:00 से 5:30 बजे तक स्थान-शिव मंदिर, कैलाशपुरी, अजमेर पर रखा गया है।

शोकाकुल : गिरीश कुमार शर्मा (पुत्र), वेद प्रकाश, ओम प्रकाश, विष्णु कुमार (भतीजे), आशीष, श्रीधर, सिद्धार्थ (पौत्र), वैदक्ष (प्रपौत्र) एवं समस्त शर्मा परिवार।

प्रतिष्ठान : श्री शर्मा आयुर्वेदिक स्टोर, कचहरी रोड, अजमेर।

आइसोलेशन में भी डॉ. पूनिया ले रहे हैं बाढ़ग्रस्त इलाकों की जानकारी

जयपुर। मेवाड़ दौरे से प्रवास कर 23 अगस्त रात को जयपुर लौटे राजस्थान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया कोविड पॉजिटिव होने के कारण चिकित्सकों की सलाह पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। आइसोलेशन में रहने के दौरान सतीश पूनिया बाढ़ग्रस्त जिलों के जिला अध्यक्षों, कार्यकर्ताओं, विधायकों व अन्य जनप्रतिनिधियों से फोन पर संवाद कर रहे हैं, वहां के हालात की जानकारी ले रहे हैं। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के सभी जिला अध्यक्षों से अपने-अपने जिलों में कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर सेवा कार्यों में जुटने का आव्हान कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि दोनों कोविडकाल में भी भाजपा ने पूरे प्रदेश में जरूरतमंदों की सेवा के लिए सेवा ही संगठन अभियान चलाया था। इससे पहले सतीश पूनिया दोनों कोविडकाल में पार्टी के प्रदेशभर के सेवा ही संगठन अभियान का प्रतिदिन वर्चुअल और ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग से फीडबैक